an>

title: Demand for ambulance service for NH-33 in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** अध्यक्ष महोदया, झारखण्ड की राजधानी रांची से गातुड़ीह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 बहुत ही जर्जर अवस्था में होने के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। पिछले चार साल में मधुकॉन नामक रोड निर्माता कंपनी द्वारा निर्माण किया जा रहा है, लेकिन चार साल में मात्र 30 प्रतिशत ही रोड का निर्माण हो सका है। ये फोर लेन झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के व्लेपार के साथ-साथ यातायात की लाइफ लाइन है। जगह-जगह पर डायवर्जन पुल निर्माण अधूरा होने के कारण जगह-जगह पर गड्ढे में तब्दील होने से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें लोगों की मृत्यु हो रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 पर जो एम्बुलेंस सेवा चल रही थी, उसको भी पिछले 6 महीने से बन्द कर दिया गया, जिसके कारण 6 महीने में लगभग 150 से 200 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। जो एम्बुलेंस सेवा चल रही थी, उसका डायल नंबर 1033 है, इसे तत्काल चालू किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शरद त्रिपाठी और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विद्युत वरन महतो द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।